सत्यमेव जयते

# पंचदश

# बिहार विधान-सभा

## अष्टम् सत्र

### तारांकित प्रश्न

वर्ग-3

बुधवार, तिथि 01 फाल्गुन, 1934 (श0) / 20 फरवरी, 2013 (ई0)

प्रश्नों की कुल संख्या 116

| | | |
|---|---|---|
| (1) | ग्रामीण कार्य विभाग .. .. | 42 |
| (2) | पथ निर्माण विभाग .. .. | 19 |
| (3) | ग्रामीण विकास विभाग .. .. | 09 |
| (4) | जल संसाधन विभाग .. .. | 19 |
| (5) | लघु जल संसाधन विभाग .. .. | 15 |
| (6) | श्रम संसाधन विभाग .. .. | 06 |
| (7) | भवन निर्माण विभाग .. .. | 06 |
| | कुल योग -- | 116 |

सड़क का पक्कीकरण

*88. डॉ० रामानंद यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत सम्पतचक प्रखंड में चिपुरा पंचायत के ग्राम–वरूणा से खुशियालचक के बीच कच्ची सड़क रहने के कारण वहाँ के निवासियों को आवागमन मे काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, बरसात के दिनों में रास्ता जलमग्न हो जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

जीर्णोद्धार करना

*89. श्री प्रदीप कुमार—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत पकरीवरावाँ प्रखंड के ग्राम छतरवार, डोला तथा ओरानी के आहर का बाँध काफी जर्जर है, जिससे खेतों की सिंचाई पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त आहरों तथा पईनों का जीर्णोद्धार करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*90. श्री रत्नेश सादा—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सहरसा जिलान्तर्गत सोनवर्षा प्रखंड के खजुरहा पंचायत के मेन सड़क से पूरब होते हुए कुसहा महादलित बस्ती होते हुए बुधायगढ़ मेन सड़क तक की सड़क काफी जर्जर है, जिसके कारण आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार खजुरहा मेन सड़क से कुसहा महादलित बस्ती होते हुए बुधायगढ़ मेन सड़क तक पक्की सड़क का निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आवास देना

*91. श्री विनय बिहारी—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिला के योगापट्टी प्रखंड अंतर्गत हथिया पंचायत में 26 बी०पी०एल० लाभार्थियों का नाम इंदिरा आवास की पूरक प्रतीक्षा सूची में अंकित करने हेतु अनुशंसा प्रखंड विकास पदाधिकारी ने अपने पत्रांक 1063, दिनांक 1 अक्टूबर, 2011 से उप–विकास आयुक्त, प० चम्पारण को भेजा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उप–विकास आयुक्त ने अपने पत्रांक 4064, वि०ग्रा०वि०अ०, दिनांक 9 दिसम्बर, 2011 से प्रखंड विकास पदाधिकारी, योगापट्टी को व्यक्तिगत रूप से संतुष्ट होकर स्कोर के अनुरूप इंदिरा आवास आवंटित करने का निदेश दिया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित लाभार्थियों को इंदिरा आवास का लाभ देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*92. श्री रामेश्वर पासवान—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के खैरा प्रखंड के अंतर्गत रोपाबेल पथ 0 से 9.6 कि0मी0 चौड़ीकरण तथा मजबूतीकरण निर्माण में अनियमितता की जा रही है ;

(2) क्या यह बात सही है कि इस निर्माण में पहले शेखपुरा के पहाड़ का मेटल और अब राज्य के बाहर तोपचांच तथा हजारीबाग के मेटल और मोरंग लगाने की जगह स्थानीय पहाड़ का मेटल और मोरंग लगाया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषी संवेदकों एवं पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

*93. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय उर्फ पप्पू—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिलान्तर्गत उत्तर प्रदेश बॉडर भेंगारी से चलकर भोरे, कटेया एवं पंचदेवरी प्रखंडों को जोड़ते हुए पुनः उत्तर प्रदेश का बॉडर को जोड़ने वाली सड़क जिसकी लम्बाई 29 कि0मी0 कि स्थिति मरम्मती के अभाव में काफी जीर्ण–शीर्ण अवस्था में हो जाने से अक्सर आकस्मिक दुर्घटनाएँ घटित होते रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल बनाना

*94. डॉ0 जावेद इकबाल अंसारी—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत बाँका प्रखंड से गुजरने वाली एकोरिया विण्डी नहर के चेन सं0 200 पर पूर्व से निर्मित पुल के ध्वस्त हो जाने से हरिपुर, अमीनपुर, खड़िहारा, लौनी आदि गाँवों के ग्रामीणों को आवागमन में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नहर के वर्णित चेन संख्या पर पुल निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ की मरम्मती

*95. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय उर्फ सुनील पाण्डेय—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला और भोजपुर जिला को जोड़ने वाली सलेमपुर–मुन्जी–करथ पथ जिसकी लम्बाई 15 कि0मी0 है, की स्थिति अत्यंत दयनीय है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार सलेमपुर–गुन्जी–करथ पथ की मरम्मती का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*96. श्री अशोक कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर विधान–सभा क्षेत्र में हजपूर्वा ग्राम स्थित सुभाष चौक से किशनपुर रजिस्ट्री ऑफिस तक की सड़क तथा इलमासनगर–किशनपुर पथ में पुरनाही चौक से मटुआ–लखनपट्टी–मंगलहाट–कसौर होते हुए चन्दौली प्रधान मंत्री सड़क तक की सड़क अत्यंत ही जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

आवास का निर्माण

*97. श्री चितरंजन कुमार—क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिला का निर्माण हुए बहुत दिन हो गये लेकिन पुलिस अधीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक आदि पदाधिकारियों के आवास का निर्माण नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो क्या सरकार अरवल जिला के उक्त पदाधिकारियों के आवास का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ बनाना

*98. श्री पदम पराग राय वेणु—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखंड अंतर्गत तिरसकुंड पंचायत के समौल हाट से भौंट टोला बेलई होते हुए बड़ी नहर पुल होते हुए आदिवासी टोला किरकिचिया गाँव होते हुए बाबा चौक ढोल बज्जा स्टेट हाईवे तक लगभग 5 कि0मी0 सड़क एवं चार जगहों पर आर0सी0सी0 पुल का निर्माण अभीतक नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार कबतक उक्त पथ एवं पुल का निर्माण कराना चाहती है ?

---

योजना चलाना

*99. श्री वीरेन्द्र सिंह—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने कि कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बाल श्रमिकों के कल्याणार्थ राज्य सरकार द्वारा कार्य योजनाओं एवं बाल श्रमिक मुक्ति योजना, बाल सुधार योजना आदि योजनाएँ चलायी जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि गया जिला के मानपुर एवं वजीरगंज प्रखंड में बाल श्रमिकों के लिए किसी भी योजना का कार्य सरजमीन पर नहीं हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार मानपुर एवं वजीरगंज प्रखंड में बाल श्रमिकों के लिए चलायी जा रही योजनाओं को सरजमीन पर चलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ की मरम्मती

*100. श्री ललन राम—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिला अन्तर्गत कचहरमा बेला से गजना गाँव होते हुए गजना धाम तक 6 कि0मी0 रोड जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

तटबंध की खुदाई

*101. श्रीमती उषा सिन्हा—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के थरथरी एवं हिलसा प्रखंड के पंचायत जैतपुर एवं बारा के अन्तर्गत ग्राम जुड़ी, जैतपुर तथा बाराडीह में विगत पन्द्रह वर्षों से पईन की खुदाई, आहर, तटबंध की मरम्मती एवं तालाब की खुदाई नहीं होने के कारण किसानों को सिंचाई में काफी कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उपरोक्त वर्णित आहर, पईन, तालाब एवं तटबंध की खुदाई एवं जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*102. श्री कृष्णनन्दन यादव—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के नीमचक बथानी प्रखंड में राजगीर–इस्लामपुर पथ पर कटारी मोड़ से बथानी तक की पथ बोधगया–राजगीर पथ के बीच में पड़ता है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के दोनों ओर पथ निर्माण विभाग की पथ है;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के निर्माण होने से बौद्ध पर्यटक एवं यात्रियों को बोधगया से राजगीर आने–जाने के लिए सबसे निकटवर्ती पथ होगी,

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ को पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण कराकर निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषी पर कार्रवाई

*103. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला के जयनगर प्रखंड अंतर्गत लसकरिया घाट के डॉ0 रामाशीष सिंह के घर के निकट (धौली पुल) एवं सेलरा धोबी घाट कोजवेज के निकट एक वर्ष पूर्व मुख्य मंत्री सेतु का निर्माण कार्य हेतु निविदा सम्पन्न हो चुका है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों जगहों पर निर्माण कार्य प्रारंभ नहीं होने से यातायात में भारी कठिनाई हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त दोनों जगहों पर सेतु निर्माण कार्य पूरा करवाना चाहती है तथा विलंब के लिए दोषी पदाधिकारियों के विरुद्ध कौन–सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूर्ण करना

*104. श्री वैद्यनाथ सहनी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पटोरी प्रखंड के ग्राम सिदिलपुर, सुपौल से वैशाली जिला के अब्दुला चौक तक पथ का निर्माण कार्य अधूरा पड़ा है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त अधूरे पथ का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल बनाना

*105. श्री जनक सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत इसुआपुर एवं तरैया प्रखंडों के बीच अवस्थित डाबरा नदी पर ग्राम–टेढ़ा तेलीया पर पुल नहीं होने के कारण आम जनता को काफी परेशानी होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त स्थान से जुड़ा संपर्क पथ पी0एम0जी0एस0वाई0 अन्तर्गत देवगही सरकारी गाछी से अगदरपुर पैकेज सं0 बी0आर0/47, दूरी 5.788 कि0मी0, राशि 355.911 लाख रुपये से कराया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त स्थान पर पुल निर्माण कार्य कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण

* 106. श्री अरूण कुमार सिन्हा—-क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—-

(1) क्या यह बात सही है कि पटना में दीघा से दीदारगंज तक गंगा नदी के किनारे सड़क बनाने का निर्णय राज्य सरकार द्वारा वर्ष 2008 ई0 में लिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क निर्माण हेतु तीन बार टेंडर निकाले जाने के बावजूद किसी कंपनी का टेंडर सरकार को प्राप्त नहीं हुआ ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो खण्ड (1) में वर्णित प्रस्तावित सड़क के निर्माण के संबंध में कौन–सी कार्रवाई कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

* 107. श्री शैलेश कुमार—-क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला अन्तर्गत खड़गपुर प्रखंड के अग्रहण पंचायत में घपड़ी मोड़ से मध्य विद्यालय अस्पताल तक की सड़क की स्थिति काफी जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 108. श्री हरिनारायण सिंह—-क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—-

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत हिलसा ग्रामीण कार्य प्रमंडल–1 द्वारा मुख्य मंत्री सड़क योजनान्तर्गत्त चंडी प्रखण्ड के बेलछी, मोकिमपुर, मतेपुर एवं रैसा मोड़ से दरियापुर पथ की स्वीकृति वर्ष 2007–08 में दी गई थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त दोनों पथों का कार्य प्रारम्भ भी तत्क्षण किया गया, परन्तु अभीतक कार्य समाप्त नहीं हुआ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त दोनों पथों के शेष कार्यों को पूरा कराने एवं संबंधित पदाधिकारी तथा संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

जाँच कराना

* 109. श्री सत्यदेव सिंह—-क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—-

(1) क्या यह बात सही है कि अरवल जिला अंतर्गत कुर्था प्रखण्ड के ग्राम उत्तरावाँ स्थित तालाब एवं पईन का जीर्णोद्धार 54 लाख रुपये की लागत से गत वर्ष 2012 में जहानाबाद प्रमंडल लघु सिंचाई विभाग से कराया गया था, जिसका संवेदक चित्रगुप्त कन्स्ट्रक्शन था ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राक्कलन के अनुरूप कार्यान्वयन कर घटिया निर्माण कार्य कराया गया है और अधूरा कार्य छोड़कर प्राक्कलित राशि का भुगतान कर लिया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना की निष्पक्ष जाँच कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

* 110. श्री रामबालक सिंह—-क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर विधान–सभा के मुस्तफापुर से बुलाकीपुर, कोनैला जाने वाली सड़क जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

भवन का निर्माण

* 111. श्री अख्तरूल इसलाम शाहिन---क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड समस्तीपुर के ग्राम विक्रमपुर वादे में नवसृजित अति0प्रा0स्वा0 भवन निर्माण हेतु खाता 595, खेसरा न0 622, रकबा 0.26 डी0 भूमि उपलब्ध के बावजूद भी भवन निर्माण कार्य नहीं कराया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि भवन निर्माण अन्य आवश्यक सुविधा उपलब्ध नहीं होने के कारण मरीजों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार वर्णित ग्राम में अति0प्रा0स्वा0 भवन निर्माण कार्य कराना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

* 112. श्री हरिनारायण सिंह---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत ग्रामीण कार्य प्रमंडल, हिलसा में प्रधान मंत्री ग्राम सड़क योजना पैकेज न0 बी0आर0 248--066 (नगरनौसा--दनियावाँ पथ से महानन्दपुर पथ) की स्वीकृति वर्ष 2008--09 में मिली थी, जिसे एकरारनामा के अनुसार दिनांक 21 अगस्त, 2010 तक पूरा हो जाना था ;

(2) क्या यह बात सही है कि समय--सीमा के अन्दर कार्य पूरा नहीं होने पर प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा दिनांक 5 जुलाई, 2012 को पत्र लिखकर स्मारित किया गया था, परन्तु स्थिति यथावत है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पथ के बचे कार्य का निर्माण तथा संबंधित दोषी पदाधिकारी एवं संवेदक पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

तटबंध बनाना

* 113. श्री जनक सिंह---क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गोपालगंज जिला के लखनपुर सीमा से पानापुर प्रखण्ड के पिपरा, सिगाही, तुर्की, मोरिया एवं तरैया प्रखण्ड के पोखरेड़ा, तरैया, आकुचक, पचरौड़, सरेयावसंत, नारायणपुर एवं मढ़ौरा प्रखण्ड के भावलपुर होते हुए अमनौर सीमा तक गडकी नदी का तटबंध नहीं होने के कारण खेत में लगे हजारों एकड़ की फसल बर्बाद हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नदी के तटबंध का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल की मरम्मती

* 114. श्री अमरेन्द्र कुमार पाण्डेय "पप्पू"---क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के पंचदेवरी प्रखंड अन्तर्गत बथुआ--वगही रोड में जनता बाजार से पश्चिम स्याही नदी पर आवागमन हेतु वर्ष 1948 में निर्मित पुल की मरम्मती आजतक नहीं होने से पुल जर्जरावस्था में होने के कारण आम जनता को आवागमन में काफी परेशानी होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूर्ण करना

*115. श्री तार किशोर प्रसाद—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिला में प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत हसनगंज–द्वाशय पथ का निर्माण कार्य, कार्य एजेंसी, एन0बी0सी0सी0 के द्वारा वर्ष 2007 में प्रारंभ किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि आजतक उक्त सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है तथा अबतक निर्माण किये गये सड़क की स्थिति गुणवत्ता के अभाव में जर्जर हो चुकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार घटिया निर्माण कार्य की जाँच कराते हुए सड़क का निर्माण कार्य पूर्ण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

नहर का पक्कीकरण

*116. श्री संतोष कुमार निराला—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत कोचस मुख्य पथ के करैला से नहर सर्विस रोड नागपुर तक दर्जनों ग्राम प्रखंड मुख्यालय, थाना से पथ के अभाव में कटे रहते हैं, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सर्विस नहर का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का अधिग्रहण

*117. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग के पत्रांक 1138 (इ), दिनांक 21 मार्च, 2012 के आलोक में पूर्वी चम्पारण जिला के अरेराज–संग्रामपुर भाया बरियारिया पथ के अधिग्रहण के लिए कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, मोतिहारी ने पत्रांक 690 (अनु०), दिनांक 18 मई, 2012 के माध्यम से अपना Feasibilily प्रतिवेदन 13.2 कि0मी0 पथ अधिग्रहण के लिए आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित किया है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथ को कबतक पथ निर्माण विभाग में अधिग्रहण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*118. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरारू प्रखण्ड के ग्राम पथरा से इन्दिल, महिमापुर होते हुए मेन रोड मथुरापुर तक जाने वाले सड़क की स्थिति काफी जर्जर एवं दयनीय है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

*119. श्रीमती पूनम देवी यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि खगड़िया जिलान्तर्गत मानसी प्रखंड के पूर्वी ठाठा पंचायत के वार्ड नं० 10 में रिटायरिंग बाँध से होकर श्री कृष्णदेव पासवान, श्री बिरबल पासवान आदि के घर होते हुए मंडल टोला तक सम्पर्क सड़क नहीं होने से 2000

लोगों को आने–जाने में कठिनाई होती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता सदस्या ने वर्ष 2010 में उक्त स्थल पर सम्पर्क सड़क के निर्माण के लिए मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग को पत्र लिखा था, लेकिन उसपर अबतक कोई कार्रवाई नहीं हो सकी है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त वर्णित स्थानों के बीच सम्पर्क सड़क बनाने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल बनाना

*120. श्री (मो0) आफाक आलम—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियां जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के मलहरिया पंचायत के मुरादबाद के पास 36 आर0डी0 बड़ी नहर पर छोटा पुल 10 वर्ष पूर्व बना है तथा पुल छोटा होने के कारण सुचारू रूप से आवागमन नहीं हो रहा है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल को बड़ा बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का अधिग्रहण

*121. श्री श्रवण कुमार—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिला के अन्तर्गत चण्डी से छबीलापुर भाया थरथरी, परबलपुर, वेन, देवरिया, धरहरा होकर ग्रामीण कार्य विभाग की सड़कें गुजरी है, जिसकी लम्बाई लगभग 50 कि०मी० है ;

(2) क्या यह बात सही है कि चण्डी में एन0एच0, थरथरी में पी0डब्लू0डी0, परबलपुर में एन0एच0 110, वेन में पथ निर्माण विभाग तथा छबीलापुर एस0एच0 की पथ को जोड़ती है तथा यह पाँच प्रखण्डों को जोड़ने वाली अतिमहत्वपूर्ण पथ है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार चण्डी–छबीलापुर ग्रामीण कार्य विभाग के पथ का अधिग्रहण करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*122. डॉ० फैयाज अहमद—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेरोजगार युवकों को तकनीकी प्रशिक्षण दिलाकर रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मधुबनी जिला के बिस्फी प्रखंडान्तर्गत वर्ष 2008–09 में एक आई0टी0आई0 प्रशिक्षण संस्थान की स्थापना की गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रशिक्षण संस्थान के भवन निर्माण हेतु चयनित जमीन के भू–अर्जन में आने वाली लागत की सूचना विभाग को उपलब्ध कराने हेतु निर्देश, निदेशक, नियोजन एवं प्रशिक्षण, बिहार, पटना के ज्ञापांक 1822, दिनांक 21 अप्रैल, 2010 द्वारा समाहर्ता, मधुबनी को दिंया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त संस्थान के भवन निर्माण हेतु चयनित जमीन के अधिग्रहण संबंधी सारी प्रक्रिया पूर्ण कर भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

प्रशिक्षण केन्द्र खोलना

*123. श्री पवन कुमार जायसवाल—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत ढाका, घोड़ासहन प्रखंडों में श्रमिक प्रशिक्षण केन्द्र नहीं है, जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को प्रशिक्षण का लाभ नहीं मिलता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त प्रखंडों में श्रमिक प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों नहीं ?

---

पुल का निर्माण

*124. श्री सुबोध राय—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला में शाहकुंड प्रखंड के मंझी गाँव (बेल्थु पं०) मे चानन नदी पर पुल नहीं रहने के कारण बहुत बड़ी पिछड़ी आबादी एवं आम किसानों को आवागमन में खासकर बरसात के समय काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त स्थल पर पुल का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

निरीक्षण भवन बनाना

*125. श्री पवन कुमार जायसवाल—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला के घोड़ासहन प्रखंड मुख्यालय में कोई सरकारी निरीक्षण भवन नहीं है, जिस कारण प्रखंड मुख्यालय होने के कारण उच्चाधिकारियों एवं विशिष्ट अतिथि का आगमन होता रहा है, परन्तु निरीक्षण भवन के अभाव मे ठहरने के साथ–साथ कार्यालय का कार्य निष्पादन मे काफी परेशानी होती है ;

(2) यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार घोड़ासहन में निरीक्षण भवन निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पईन का उड़ाही

*126. श्री चितरंजन कुमार—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत कलेर प्रखंड के जयपुर ग्राम में पटवन के लिए एक मात्र साधन आहर पईन है, जो जीर्ण–शीर्ण अवस्था में है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ग्राम के आहर पईन का उड़ाही कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नियमावली बनाना

*127. श्री अवनीश कुमार सिंह—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य बाल श्रमिक आयोग का प्रथम गठन वर्ष 1999 में होने के बावजूद आजतक नियमावली नहीं बनी है, जिसके कारण आयोग के निर्बाध कामकाज में बाधा उत्पन्न हो रही है, यदि हां, तो सरकार कबतक, नियमावली बनाने का विचार रखती है ?

---

जीर्णोद्धार करना

*128. डॉ०जावेद इकबाल अंसारी—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 19 जनवरी, 2013 के अंक में प्रकाशित शीर्षक ''जर्जर डैम रोड से आवागमन में हो रही परेशानी'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत बौंसी प्रखंड के बौंसी–लक्ष्मीपुर डैम सड़क की स्थिति जीर्ण–शीर्ण हो गई है, जिसके कारण आवागमन में काफी परेशानी होती

है, यदि हां, तो सरकार कबतक, उक्त सड़क का जीर्णोद्धार कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*129. श्री अख्तरूल ईमान—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार पत्र में दिनांक 4 दिसम्बर, 2012 को प्रकाशित शीर्षक "53 इन्दिरा आवास लाभुक चार माह से लगा रहे बैंक का चक्कर" के आलोक में क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिला के कोचाधामन प्रखंड अंतर्गत भरगाँव पंचायत के कुल 158 इन्दिरा आवास लाभुकों को बैंक ऑफ बड़ौदा, अलता कमलपुर द्वारा 25 जुलाई 12 को आवास की पहली किस्त 30 हजार रुपया करके बैंक खाता में पोस्टिंग कर खाता वितरण किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा राशि भुगतान का आदेश नहीं मिलने के कारण लाभुक अफजल हुसैन, जमील अख्तर इत्यादि विगत चार महीने से अपना इन्दिरा आवास नहीं बना सके हैं जिस कारण लाभुकों को राशि भुगतान कराने हेतु समाहरणालय के सामने धरना देना पड़ा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड दो में वर्णित लाभुकों का आवास की राशि भुगतान कराने तथा दोषी प्रखंड विकास पदाधिकारी पर कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अधिग्रहण करना

*130. श्री अख्तरूल ईमान—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि कार्यपालक अभियंता पथ प्रमण्डल, किशनगंज के पत्रांक 513, दिनांक 5 जुलाई, 2011 के द्वारा कोचाधामन प्रखंड की लाइफ लाइन डी०बी० 50 कहे जाने वाली पी०एम०जी०एस०वाई० सड़क कन्हैयाबाड़ी से रहमतपाड़ा होते हुए कमलपुर चौक वाया सोन्था, सिंघाड़ी, बरबट्टा, शहनगरा कुल लम्बाई 60 कि०मी० को पी०डब्लू०डी० में अधिग्रहण हेतु विभाग को प्रस्ताव भेजा गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2008–09 में मुख्य मंत्री के निर्देश पर विभागीय सचिव, श्री ए०के०सिंह के नेतृत्व में उक्त पी०एम०जी०एस०वाई० सड़क पैकेज नं० बी०आर० 18/17 की अनियमितता की जाँच के बाद भी इस सड़क को पी०डब्लू०डी० में अधिगृहित करने की अनुशंसा किया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड एक में वर्णित सड़क को पी०डब्लू०डी० में अधिग्रहण करने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

स्लूईस गेट का निर्माण

*131. श्री मंजीत कुमार सिंह—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बैकुण्ठपुर प्रखंड अंतर्गत बांसघाट मसुरिया में स्थित तटबंध में निर्मित स्लूईस गेट, उसरी पंचायत के उसरी खांप टोला में सारण तटबंध पर निर्मित स्लूईस गेट तथा बांसघाट मसुरिया पंचायत के बांसघाट मसुरिया से परसौनी जाने वाली नहर में लगे स्लूईस गेट विगत 20 वर्षों से मरम्मती नहीं होने से क्षतिग्रस्त हो गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि बैकुण्ठपुर प्रखंड के उसरी खांप टोला के स्लूईस गेट के साथ–साथ सिंचाई हेतु बने नहर भी जीर्ण–शीर्ण होने के कारण किसानों के खेतों तक पानी नहीं पहुँचने से हजारों एकड़ के फसल की सिंचाई नहीं हो पा रही है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार कबतक उक्त स्लूईस गेटों का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल बनाना

*132. डॉ0 इजहार अहमद––क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बिरौल प्रखंड के आम जनता को न्यायालय एवं अन्य कार्यों के लिए जीवछ नदी के चचरीवाला नवभरन घाट पर पार कर जाना पड़ता है, जिससे आम जनता को कठिनाई का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त घाट पर पुल बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

———

सड़क की मरम्मती

*133. श्री राजेश्वर राज––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत काराकाट प्रखंड के जोरवरपुर नहर पुल से गोड़ारी पुल भाया बाराडीह, सुकहरा टोला, नाद पथ का निर्माण मुख्य मंत्री ग्रामीण सड़क योजना से वर्ष 2010–11 में कराया गया था, जो जर्जर हो चुका है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

———

सड़क बनाना

*134. श्री नरेश प्रसाद यादव––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढी जिला के सोनबरसा प्रखंड अंतर्गत दोस्थिया से लक्ष्मी 07 कि0मी0 की सड़क आज से सात साल पहले बना था;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त सड़क परिहार प्रखंड के पाँच पंचायत को भी जिला से जोड़ती है, जो टूट चुका है, जिससे आमलोगों को आवागमन मे कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का पुनर्निमाण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

———

बाँध का जीर्णोद्धार

*135. श्री प्रदीप कुमार––क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिलान्तर्गत काशीचक प्रखंड के ग्राम रेवरा के पूरब टाटी नदी का तटबंध 2 कि0मी0 तक टूटा हुआ है, नदी में अधिक पानी आने से ग्राम रेवरा का सैकड़ों एकड़ धान का फसल बर्बाद हो जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार ग्राम रेवरा के निकट टाटी नदी का बाँध का जीर्णोद्धार तथा गाईड वाल का निर्माण करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

———

योजना का कार्यान्वयन

*136. श्री रामेश्वर पासवान––क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि जमुई जिला के अलीगंज प्रखंड में ताराकोल बाँध, घोड़घट बाँध तथा सिकन्दरा प्रखंड के बहुआर नदी पर घोवघट चेकडैम बनाने की स्वीकृति 2010–11 में दी गयी थी;

(2) क्या यह बात सही है कि तीन वर्षों के बाद भी इन योजनाओं पर किसी प्रकार का कार्य प्रारंभ नहीं किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सभी उक्त योजनाओं का कार्यान्वयन कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुलिया का निर्माण

*137. श्री मजीत कुमार सिंह—–क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गोपालगंज जिला के बरौली प्रखंड अंतर्गत खजुरिया, विशुनपुर वितरणी नहर के ग्राम हलुआर पाण्डेय टोला बाजार के समीप नहर में पुलिया पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गयी है, जिससे आवागमन तथा सिंचाई में कठिनाइयाँ हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त क्षतिग्रस्त पुलिया का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*138. श्री नरेन्द्र कुमार पाण्डेय उर्फ सुनील पाण्डेय—–क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है की भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड तरारी के ग्राम नोनाडीह मोड़ से ग्राम पनवारी तक जाने वाली पथ की स्थिति काफी खराब है, जिससे आवागमन बाधित है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

स्लूईस गेट बनाना

*139. श्री विजय कुमार सिन्हा —–क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिला कहलसी प्रखंड अंतर्गत धीरा पंचायत के हिमाचलडीह ग्राम में बारा अहरी नदी पर कोई स्लूईस गेट नहीं होने के कारण उस क्षेत्र की हजारों एकड़ जमीन में पटवन नही हो पा रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नदी पर स्लूईस गेट निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*140. श्री वीरेन्द्र सिंह—–क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—–

(1) क्या यह बात सही है कि गया जिला के वजीरगंज एवं अतरी प्रखंड अंतर्गत वर्ष 2010 में भिण्डस से पर्वत पुरुष दशरथ बाबा के घर गेहलौर घाटी होते हुए चरण्डीह तक पथ का निर्माण किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि गुणवत्ता के अभाव में दो वर्ष बाद ही पथ जर्जर होकर गड्ढा में तब्दील हो गया है जिसके कारण दोपहिया एवं चारपहिया वाहन के परिचालन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसकी जाँच कराकर दोषियों पर कार्रवाई करने का एवं उक्त जर्जर सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

पुल बनाना

* 141. श्री सबा जफर---क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि वर्ष 1987 में पूर्णियां जिलान्तर्गत अमौर प्रखण्ड के पलसा--बरेली पथ में पड़ने वाले ग्राम लरहैया के निकट पुल ध्वस्त हो चुका है एवं इसी पथ में ग्राम लालटोली एवं सरवैली एवं बड़ा ईदगाह हाट के दक्षिण बने कॉजवे वर्ष 2002 से क्षतिग्रस्त है, जिससे आवागमन अवरुद्ध है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ में ग्राम अन्दरपुर एवं भौकड़ी के निकट पथ वर्ष 1977 के बाद से ही कटा हुआ है, जिससे आमजनों को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ में पड़ने वालों क्षतिग्रस्त पुलों का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पेंशन देना

* 142. श्री जवाहर प्रसाद---क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के सासाराम नगर परिषद् क्षेत्र में वृद्धावस्था, लक्ष्मीबाई एवं निःशक्ता पेंशन के लाभार्थियों की संख्या 10 हजार है ;

(2) क्या यह बात सही है कि सासाराम के पेंशन लाभार्थियों का पेंशन अप्रैल, 2012 से बंद है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सासाराम नगर परिषद् क्षेत्र के पेंशनधारियों को पेंशन दिलाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्यालय खोलना

* 143. श्री जय कुमार सिंह---क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि विभाग पिछले दो वर्षों से रोजगार कार्यालयों को ऑन लाइन करने में जुटा है, लेकिन पूरा नहीं हो सका है ;

(2) क्या यह बात सही है कि राज्य में अभी भी 9 जिलों में रोजगार कार्यालय नहीं खुला है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रोजगार कार्यालयों को ऑन लाइन एवं 9 जिलों में रोजगार कार्यालय खोलना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मती

* 144. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर--टंडवा पथ की हालात अत्यन्त ही जर्जर है, जिससे आवागमन में काफी कठिनाई है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त जर्जर सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

बाईपास सड़क बनाना

* 145. श्री संतोष कुमार निराला—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिलान्तर्गत इटाढी–दीनारा पथ पर धनसोई बाजार अवस्थित होने के कारण हमेशा जाम की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार धनसोई बाजार से पहले बाईपास रोड का निर्माण कराकर आम जनता को प्रतिदिन जाम की समस्या से निजात दिलाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथों का निर्माण

* 146. श्री अवधेश कुमार राय—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत मालती–कादराबाद–दलसिंहसराय पथ (डी0एम0के0) में रामपुर चौक से आँगान, दहिया तक दो वर्ष से मात्र पत्थर बिछाया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के भगवानपुर से मनसूरचक के बीच कई स्थानों पर बड़ा–बड़ा गड्ढा बन जाने से आए दिन दुर्घटना होते रहती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त पथों का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

* 147. श्री रामबालक सिंह—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिला के विभूतिपुर विधान–सभा में दलसिंहसराय से पतैलिया तक की सड़क पी0एम0जी0एस0वाई0 से तीन वर्ष पहले बना था, लेकिन आज सड़क की हालत काफी जर्जर हो चुकी है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनाने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क की मरम्मत

* 148. श्री विनोद प्रसाद यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत आमस प्रखण्ड के जी0टी0 रोड से बैदा होकर कोरमथू तक लगभग 04 कि0मी0 पक्की सड़क है, जर्जर अवस्था में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जी0टी0 रोड से बैदा होकर कोरमथू तक सड़क की मरम्मती का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सिंचाई देना

* 149. श्री अरूण शंकर प्रसाद—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत खजौली प्रखंण्ड के विदेश्वर शाखा से निकलने वाली खजौली कैनाल (नहर) की स्वीकृति दस वर्ष पूर्व दी गयी थी ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त कैनाल का खुदाई कार्य प्रारम्भ किया गया परन्तु खुदाई कार्य बन्द हो जाने से नहर निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जा सका है तथा उक्त कैनाल किसानों की भूमि का मुआवजा का भुगतान नहीं होने से किसान आक्रोशित है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तों क्या सरकार कबतक किसानों के भूमि का मुआवजा भुगतान कर कैनाल की खुदाई कार्य पूरा कराकर सिंचाई सुविधा बहाल करना चाहती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुविधा देना

*150. श्री राजेश्वर राज—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिला के काराकट प्रखण्ड अंतर्गत जयश्री रजवाहा का ग्राम परसियां से रघुनाथपुर तक विस्तार नहीं किये जाने से मोथा, रघुनाथपुर आदि गाँवों के किसान सिंचाई सुविधा से बंचित हैं, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नहर का विस्तार कर सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन का निर्माण

*151. श्री अख्तरूल इसलाम शाहिन—क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत प्रखण्ड समस्तीपुर के ग्राम सिंधियाखुर्द स्थित "पशु चिकित्सा–सह–कृत्रिम गर्भाधान केन्द्र" का भवन काफी जर्जर होने के कारण पशु चिकित्सा–सह–कृत्रिम गर्भाधान कार्यों में भारी कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त जर्जर भवन का निर्माण कार्य कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नियोजनालय की स्थापना

*152. श्री विजय कुमार सिन्हा—क्या मंत्री, श्रम संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय को जिला का दर्जा मिले हुए 20 वर्षों से अधिक हो चुके हैं, परन्तु अबतक जिला नियोजनालय की स्थापना नहीं हो पाई है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नियोजनालय के अभाव में यहां के शिक्षित बेरोजगारों को नियोजन निबंधन हेतु लगभग 60 कि०मी० दूर मुंगेर जाना पड़ता है, जिससे शिक्षित बेरोजगारों को काफी कठिनाई होती है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार लखीसराय में नियोजनालय की स्थापना करने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*153. श्री ज्ञानचन्द्र मांझी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गड़खा प्रखंड के ग्राम बंगारी चौक से सिरपाल बसंत श्री राम प्रवेश सिंह, पंचायत समिति सदस्य के घर होते सिरपाल बसंत बाजार तक का पथ एवं ग्राम बंगारी चौक से जलाल बसंत अनुसूचित जाति टोला होते राजदेव सिंह के घर होते सिरपाल बंसत बाजार तक का पथ अत्यन्त ही जर्जर अवस्था में है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का पी०सी०सी० कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*154. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत तारडीह प्रखण्ड के ग्राम पंचायत नारायणपुर शेरपुर के मुखिया द्वारा सोलर लाईट की खरीदारी एवं पोखरा की उड़ाही के नाम पर सरकारी राशि का गबन करने का आरोप–पत्र दिनांक 12 मई, 2012, 19 मई, 2012 तथा 25 जुलाई, 2012 को उसी पंचायत के निवासी श्री महेन्द्र गोसाई द्वारा समाहर्ता, दरभंगा को दिया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपर्युक्त आरोप पत्रों पर अभीतक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं हुई है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उपर्युक्त आरोप पत्रों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

चहारदीवारी का निर्माण

* 155. डॉ0 फैयाज अहमद—क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत प्रखण्ड–सह–अंचल कार्यालय बिस्फी के चहारदीवारी नहीं रहने के कारण कार्यालय असुरक्षित हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार प्रखण्ड–सह–अंचल कार्यालय की सुरक्षा हेतु चहारदीवारी निर्माण कराने का विचार रखती हैं, नही, तो क्यों ?

---

सिंचाई देना

* 156. श्रीमती मंजु हजारी—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत रोसड़ा प्रखण्ड के भीड़हा के महिसर चौर, हरपुर, महरौर, चट्ठा, ढिरगिया, मबी, पंचगामा, पांचोपुर महुली, शाहपुर, सोनपुर, मोतीपुर, बैजनाथपुर और शिवाजी नगर प्रखण्ड के ठनका, रमौल, पूरा, रामभद्रपुर, डुमरा, छौनी, रामनगर ग्रामों में अभीतक सरकार के स्तर से कोई सिंचाई सुविधा उपलब्ध नहीं करायी गयी है और किसानों को सिंचाई के लिये निजी पम्पिंग सेटों का ही सहारा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि डीजल के लगातार बढ़ते मूल्य के कारण किसानों को पम्पिंग सेट के माध्यम से सिंचाई कार्य करने में काफी दिक्कतें हो रही है और कृषि एक घाटे का सौदा साबित हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार रोसड़ा एवं शिवाजी नगर प्रखण्डों के उपरोक्त ग्रामों के स्टेट ट्यूबवेल लगाकर किसानों को सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराने का विचार रखती है, यदि हां, तो कबतक, नही, तो क्यों ?

---

तटबंध की खुदाई

* 157. श्रीमती उषा सिन्हा—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के परवलपुर प्रखण्ड के ग्राम चौसण्डा में विगत 10 वर्षों से पईन की खुदाई एवं आहर, तटबंध की मरम्मती नही होने के कारण किसानों को 300 हेक्टेयर में सिंचाई की सुविधा पूर्णरूप से नहीं मिल रही है, यदि हां, तो क्या सरकार चौसण्डा ग्राम में आहर पईन एवं तटबंध की खुदाई एवं जीर्णोद्धार कराना चाहती है, नही, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

* 158. श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बलराम पुर विधान–सभा के बारसोई प्रखण्ड स्थित हथनपुर अतिपिछड़ा वर्ग का 1000 हजार आबादी वाला गाँव है, जिसे मुख्य मार्ग से गाँव तक जाने के लिए पहुँच पथ नहीं है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त गाँव को मुख्य मार्ग से जोड़ने हेतु पहुँच पथ का निर्माण कराना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

## पुल का निर्माण

*159. श्रीमती मंजु हजारी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत सिंधिया प्रखंड के कमला नदी पर सुम्भा घाट एवं इसी नदी के वारी गाँवों के पश्चिम बारी घाट पर पुल नहीं रहने के कारण आम लोगों के साथ ही वाहनों के परिचालन में काफी कठिनाई हो रही है ; यदि हां, तो क्या सरकार सुम्भा घाट एवं वारी घाट पर पुल के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

## राशि का आवंटन

*160. श्री सुबोध राय—क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिला के 157 सुलतानगंज विधान–सभा क्षत्रान्तर्गत कजरैली–शाहकुंड पथ में अंधी नदी पर क्षतिग्रस्त पुल के निर्माण हेतु राशि आवंटन के लिए बिहार राज्य पुल निर्माण निगम के पास विगत छः माह से लंबित है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल के निर्माण हेतु राशि आवंटन करने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों ?

---

## सड़कों का जीर्णोद्धार

*161. श्री कुमार शैलेन्द्र—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत खरीक प्रखंड के खरीक रेलवे स्टेशन के पश्चिम केबिन से ढोढिया, बैरिया राही, दादपुर होते हुए एन०एच०–31 अम्भो तक आर०ई०ओ० पथ विगत 10 वर्षों से जीर्ण–शीर्ण है,

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ के जीर्ण–शीर्ण रहने से रोज दुर्घटना हो रही है और किसान अपने खेतों पर नहीं जा रहे हैं,

(3) क्या यह बात सही है कि ढोढिया दादपुर लोकमानपुर पंचायत का एकमात्र सड़क होने के कारण वहां के लोग प्रखंड मुख्यालय से कट गए हैं और विकास का लाभ नहीं ले पा रहे हैं ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का जीर्णोद्धार कर किसानों को लाभ देना चाहती है, यदि हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

## नलकूप चालू कराना

*162. श्री ललित कुमार यादव—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन् विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अंतर्गत मनीगाछी प्रखंड में मकरंदा, बधांत, फुलबत, पठानकबई, आदि एवं सदर प्रखंड में अतिहर, खुटवारा, लोआम, अदलपुर आदि अन्य स्थलों पर सिंचाई हेतु लगाये गये राजकीय नलकूप विगत् पाँच वर्षों से बंद हैं, यदि हां, तो सरकार उक्त बंद पड़े नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

चेकडैम बनाना

*163. श्री शैलेश कुमार—क्या मंत्री, लघु संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के खड़गपुर प्रखंड अंतर्गत बरुई पंचायत के महकोला बासा समीप गुहिया नदी जो बहता हुआ पानी है, चेकडैम नहीं बनने से हजारों एकड़ भूमि का पटवन नही हो पाता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नदी पर चेकडैम बनाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नहर की खुदाई

*164. श्रीमती नीता चौधरी—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंड अंतर्गत जमुआ सुपौर नहर में 20 वर्षों से गाद भरा हुआ है, जिसके कारण 2000 एकड़ भूमि में सिंचाई नहीं हो पा रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त नहर की खुदाई का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

*165. श्री सुरेन्द्र मेहता—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिले के बेगूसराय प्रखंड अन्तर्गत दमदमा, बनवारा ग्राम की सड़क पिछले 15 वर्षों से जर्जर है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त सड़क को बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*166. श्री वीरेन्द्र कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत माली–बरियावाँ रोड में बटाने नदी पर पवई के पास पुल 2011 में ध्वस्त हो गया है, जिससे आवागमन बिल्कुल ठप्प हो गया है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नही, तो क्यों ?

---

नलकूप चालू कराना

*167. श्री ललित कुमार यादव—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के मनीगाछी प्रखंड में नेहरा पूर्वी पंचायत में रजोखर पोखर, ब्रह्मपुर पंचायत में बेहटा पोखर आदि अन्य सभी जगहों पर सिंचाई हेतु लगाये गये नलकूप विगत् 15 (पन्द्रह) वर्षों से बंद है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त बंद पड़े नलकूपों को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क की मरम्मत

*168. श्री बिनोद प्रसाद यादव---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला अंतर्गत शेरघाटी प्रखंड में जी0टी0 रोड से महम्मदपुर तक 1.5 कि0मी0 पक्की सड़क है जो काफी जर्जर एवं खराब हो चुकी है, जिससे आमजनों को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार जी0टी0 रोड से महम्मदपुर तक सड़क की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ का निर्माण

*169. श्री ज्ञानचन्द माँझी---क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिलान्तर्गत गड़खा प्रखंड के ग्राम औढ़ामाल के पक्की सड़क से मस्जिद होते उक्त ग्राम के अंतिम छोड तक एवं ग्राम रेड़ीया दक्षिण टौला के मुख्य पक्की सड़क से उक्त ग्राम के अंतिम छोड़ तक का पथ अत्यन्त ही जर्जर अवस्था में है, जिससे आम जनता को आवागमन में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों पथों का पी0सी0सी0 कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पदाधिकारी पर कार्रवाई

*170. श्री अवनीश कुमार सिंह---क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि त्वरित सिंचाई लाभ कार्यक्रम (ए0आई0बी0पी0) के तहत केन्द्र सरकार द्वारा उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त होने के बाद ही राशि निर्गत की जाती है ;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्ष 2008–09 में राज्य को 109 करोड़ तथा 2009–10 में 78 करोड़ रुपये केन्द्र सरकार से प्राप्त हुए परंतु उपयोगिता प्रमाण–पत्र प्राप्त नहीं होने के कारण 2010–11 एवं 2011–12 में मात्र 55 करोड़ ही प्राप्त हुए ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो उपयोगिता प्रमाण–पत्र समय पर नहीं देने वाले पदाधिकारी के विरुद्ध सरकार कौन–सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

प्रखंड में शामिल करना

*171. श्री श्रवण कुमार---क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण विकास विभाग की अधिसूचना संख्या 4854, दिनांक 23 जून, 1993 द्वारा शेखपुरा प्रखंड के डीहा कुसुम्भा, गगोर, माफो, भदौस, बड़हिया प्रखंड के मधनपुर, बीरूपुर, शर्मायल, सामत्वीघा, लखीसराय प्रखंड के जितपारपुर तथा सरमेरा प्रखंड के सुहरा बटौरा, ईसुआ, कुल ग्यारह पंचायत मिलाकर घाट कुसुम्भा नामक नया प्रखंड सृजित किया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि बड़हिया प्रखंड के चारों लखीसराय प्रखंड के एक सरमेरा प्रखंड के दोनों अधिसूचित पंचायतों को अभीतक घाट कुसुम्भा प्रखंड में हस्तांतरित नहीं किया गया है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार अधिसूचना के आलोक में अधिसूचित पंचायतों को घाट कुसुम्भा प्रखंड में शामिल करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

मरम्मती कराना

*172. डॉ0 अच्युतानंद---क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि गंडक नहर परियोजना के अधीन बाल्मिकीनगर, वैशाली, मुजफ्फरपुर, गोपालगंज, सीवान और सारण जिलों में सिंचाई की व्यवस्था है ;

(2) क्या यह बात सही है कि नहरों की सफाई और मरम्मती के अभाव में उपरोक्त क्षेत्रों के किसानों को नहरों का पानी सिंचाई के लिए समुचित रूप से उपलब्ध नहीं हो रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार गंडक नहर परियोजना के मुख्य एवं उप-वितरणियों की मरम्मती एवं सफाई कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सुविधा देना

*173. श्री अवधेश कुमार राय---क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत शाम्हो-चाक गंगा घाट के ठेकेदार के द्वारा पार जाने वाले यात्रियों से क्षमता से अधिक यात्रियों का लदान वर्षों से किया जा रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि घाट के दोनों किनारे यात्रियों को नाव पर सवार होने के लिए बाँस का प्लेटफार्म नहीं बनाया गया है, फलतः विकलांग, बूढ़े, महिलाओं, बच्चे-बच्चियों को कमर तक पानी में प्रवेश कर नाव पर चढ़ने उतरने के लिए बाध्य होना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इस पूरे मामले की जाँच कराकर वसूली पर रोक लगाने एवं यात्रियों की सुविधा के लिए बेहतर व्यवस्था कराने के संबंध में कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चेक डैम बनाना

*174. श्री जनार्दन माँझी---क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत प्रखंड शंभूगंज बडुआ नदी पर गोईठा के पास एवं ग्राम लालमणी चक के पास नदी पर चेक डैम नहीं रहने से दो हजार एकड़ जमीन पर सिंचाई नहीं हो पाता है तथा सिंचाई के अभाव में हजारों किसान प्रत्येक वर्ष भुखमरी के शिकार होते हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त नदी पर चेक डैम का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

भवन बनाना

*175. श्री जवाहर प्रसाद---क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत सासाराम नगर के लशकरीगंज मुहल्ला के महिला शिक्षण-प्रशिक्षण केन्द्र का भवन नहीं रहने के कारण पदाधिकारियों को कार्य करने में असुविधा होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार महिला शिक्षण-प्रशिक्षण केन्द्र के पदाधिकारी/कर्मचारी को कार्य निष्पादन करने हेतु भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

फाटक का निर्माण

*176. श्री छेदी पासवान---क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि---

(1) क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत कुदरा प्रखंड में ससना-जगदीशपुर बाँध का जीर्णोद्धार कार्य वर्ष 2004-05 में कराया गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बाँध में पानी के निकासी के लिए फाटक एवं करहा का निर्माण नहीं कराये जाने से इस क्षेत्र के पाँच गाँवों के 1500 एकड़ भू-भाग पर सिंचाई सुविधा उपलब्ध नहीं होने से प्रत्येक वर्ष किसानों को नुकसान उठाना पड़ता है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बाँध में फाटक एवं करहा का निर्माण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्रवाई करना

*177. श्री अब्दुलबारी सिद्दिकी—स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार–पत्र में दिनाक 26 दिसम्बर, 2012 को छपे शीर्षक "340 पंचायतों में मनरेगा की एक भी योजना नहीं" शीर्षक को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि— क्या यह बात सही है कि वित्तीय वर्ष 2012–13 के 09 माह बीत जाने के बाद भी आवंटन उपलब्ध रहते हुए 340 पंचायतों में मनरेगा की एक भी योजना नहीं ली गयी, जिसमें पटना जिला के 60 पंचायत सम्मिलित हैं, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है तथा योजना की शुरुआत नहीं करने लिए दोषी पदाधिकारियों पर सरकार कबतक कौन–सी कार्रवाई करने का विचार रखती है ?

---

नलकूप चालू कराना

*178. श्री कृष्णनन्दन यादव—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के खिजरसराय प्रखंड के रमन बिगहा, बक्सर, सहबाजपुर आदि गाँवों में किसानों को सिंचाई कार्य करने हेतु नलकूप लगाये गये थे, जो आजतक चालू नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों मे लगाये गये नलकूप को चालू कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल का निर्माण

*179. श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत गुरारू प्रखंड के पहरा पईन में मुख्य द्वार पर रोड, पुल नहीं है, जिससे आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पुल का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

आई0बी0 का निर्माण

*180. डॉ0 इजहार अहमद—क्या मंत्री, भवन निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत बिरौल अनुमंडल में एक भी निरीक्षण भवन नहीं है, जिससे संसद सदस्यों, विधायकों एवं अन्य विशिष्ट अतिथिगण को प्रवास करने में कठिनाई होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त क्षेत्र में कोई भी प्रवास करने का अन्य साधन नहीं होने से दरभंगा में प्रवास करना पड़ता है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार बिरौल अनुमंडल में आई0बी0 निर्माण का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक और नहीं, तो क्यों ?

---

तटबंध बनाना

*181. डॉ0 अरूण कुमार—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी कोशी तटबंध वीरपुर वराज से लेकर कोपरिया तक लगभग 125 कि0मी0 निर्मित है, जिसपर पक्कीकरण का कार्य चल रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि 125 कि0मी0 से लेकर डुमरी पुल तक 7 कि0मी0 लंबाई में विभाग द्वारा बाँध का निर्माण नहीं कराया गया था;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त 7 कि0मी0 में कोशी बाँध नहीं रहने के कारण कई हजारों एकड़ जमीन में फसल की बर्बादी बाढ़ आने पर हर वर्ष होता है और किसानों को लाखों की क्षति हो जाती है;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पूर्वी कोशी तटबंध को डुमरी तक जोड़कर किसानों के लाखों के बर्बादी को बचाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क बनाना

*182. श्री श्यामदेव पासवान––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत ठनकुपा प्रखंड के गया–फेहपुर भाया बरतारा स्टेट हाईवे पथ के महरमानचक, कनकनीया मोड से वरचैता, मखदुमपुर, भेटोरा, अदरकीचक पथ 15 वर्षों से जर्जर अवस्था में हैं, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त वर्णित सड़क को निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

———

पुल का निर्माण

*183. श्री राम लषण राम ''रमण''––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी प्रखंड की जलसैन पंचायत में मदना ग्राम से नवनगर ग्राम तक 3 वर्ष पूर्व पक्की सड़क बनकर तैयार हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त सड़क में सुगरवे नदी में मदना ग्राम के निकट पुल के अभाव में आम लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार कबतक उक्त पुल का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

———

पथ का निर्माण

*184. श्री सबा जफर––क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत अमौर प्रखंड के पलसा–बरेली पथ में काली मंदिर से बरेली पथ में वर्ष 1977 में खड़ंजा सोलिंग होने के बाद आजतक कोई कार्य नहीं हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पथ की लंबाई 9.50 कि०मी० है, परंतु आमजनों को बरसात के दिनों में 100 कि०मी० से अधिक दूरी तय कर प्रखंड मुख्यालय अथवा अस्पताल जाना पड़ता है, क्योंकि पथ बिल्कुल जर्जर है एवं पैदल चलना मुश्किल है;

(3) क्या यह बात सही है उक्त पथ में इस क्षेत्र के लोगों के लिये एक मात्र पथ है, जिससे होकर आमजन प्रखंड मुख्यालय अथवा रेफरल अस्पताल जाते हैं;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

———

जाँच कराना

*185. श्री जनार्दन माँझी––क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि बाँका जिलान्तर्गत चान्दन नदी के दोनों किनारे विगत 6 माह से ऊपर से तटबंध का निर्माण किया जा रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि तटबंध नदी के बालू से ही संवेदक के द्वारा कराया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार निर्माण हो रहे तटबंधों की गुणवत्ता की जाँच कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

कार्य कराना

* 186. श्रीमती मुन्नी देवी––क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि प्रश्नकर्ता के पत्रांक 525/09, दिनांक 06 अक्टूबर, 2009 के आलोक में विभाग द्वारा कार्रवाई करते हुए बक्सर, कोईलवर तटबंध के उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण एवं शाहपुर प्रखंड के मरचैया डेरा के पास स्लूईस गेट का निर्माण तथा तटबंध 1 के शीर्ष पर ब्रीक सोलिंग का कार्य कराने हेतु जल संसाधन मंत्रालय, भारत सरकार से अनुमति दिसम्बर, 2009 में ही बाढ़ प्रबंधन योजनान्तर्गत माँगी गयी है, जिसका एजेंडा सं0 101/277 है, यदि हाँ, तो कबतक सरकार उक्त कार्यों को कराने का विचार रखती है ?

---

सड़कों का निर्माण

* 187. श्रीमती मुन्नी देवी––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड शाहपुर के एन0एच0 84 शाहपुर से घवरी होते हुए बेलवनिया बाजार तक पथ एवं पी0डब्लू0डी0 सड़क सहजौली से बरीसवन तक पथ ग्रामीण कार्य विभाग के अधीन है और अत्यंत जर्जर है, जिससे आवागमन हमेशा बाधित रहता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों सड़कों का निर्माण कराकर आवागमन चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क बनाना

* 188. श्री अशोक कुमार––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत वारिसनगर विधान–सभा क्षेत्र में मथुरापुर से बहेड़ी जाने वाली मुख्य सड़क में इलमासनगर चौक से नकटा, रायपुर होते हुए किशनपुर रेलवे स्टेशन तक की सड़क तथा इलमासनगर–किशनपुर आर0डब्लू0डी0 पथ में चकोटी, ठाकुरबाड़ी के पास से भूपतपुर रामलगन महतो के घर से बलाही बन्धु पीपल चौराहा होते हुए इलमासनगर दुर्गास्थान आर0सी0डी0 पथ तक की सड़क अत्यंत ही जर्जर है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़कों का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य शुरू कराना

* 189. श्री शशि भूषण हजारी––क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा एवं दरभंगा जिला के बीच गंडौल से हारी कोठी बिरौल तक 13 कि0मी0 सड़क के निर्माण कार्य हेतु बिहार राज्य पुल निर्माण निगम द्वारा गत अक्टूबर माह 2012 में निविदा आमंत्रित किया गया था, लेकिन उक्त निविदा का निष्पादन अबतक नहीं किया गया है, जिससे निर्माण कार्य शुरू होने में अनावश्यक विलम्ब हो रहा है ;

(2) यदि उपर्युक्त खण्ड का उत्तर स्वीकारात्मक है, तो क्या सरकार निविदा निष्पादन में शिथिलता बरतने वाले अभियंताओं के विरुद्ध कार्रवाई कर उक्त सड़क का निर्माण कार्य शुरू करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

दीवार बनाना

* 190. श्री छेदी पासवान––क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत दुर्गावती नदी के पानी के बहाव से कुदरा प्रखण्ड के ग्राम भरिगांवा, शेखपुरा, कुदरा और मोहनिया प्रखण्ड के ग्राम पकड़ीहार, पिपरिया, जयपुर आदि गाँव विलीन होने की स्थिति में है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त गाँवों के किनारे नदी तट पर सुरक्षा दीवार का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ बनाना

* 191. श्री कुमार शैलेन्द्र––क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिलान्तर्गत बिहपुर प्रखण्ड के लत्तीपुर चौक से जाह्नवी चौक की सड़कें निबंधक कार्यालय, प्रखण्ड मुख्यालय, रेलवे स्टेशन एवं जिला को जोड़ने वाली सड़क है, जिसकी चौड़ाई कम रहने की वजह से प्रत्येक दिन हजारों वाहन जाम में फंस जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त पथों को बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का अधिग्रहण

* 192. श्री विनय बिहारी––क्या मंत्री, पथ निर्माण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि प० चम्पारण जिलान्तर्गत मनुआपुल से भाया योगापट्टी से नवलपुर पथ के अधिग्रहण (ग्रामीण कार्य विभाग से ) हेतु विस्तृत प्रतिवेदन कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, बेतिया ने दिनांक 16 अगस्त, 2011 के माध्यम से प्रतिवेदन समर्पित किया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त प्रतिवेदन के आधार पर सड़क के निर्माण होने से दियारा क्षेत्र का विकास, परसा, चमैनिया, महावीरपुर, बंगाली चौक, हरपुरवा चौक, रामपुर, नवकाटोला, पटेरवा चौक, लक्ष्मीपुर ग्रामों का विकास तथा अपराध पर नियंत्रण किया जा सकेगा तथा बेतिया–बगहा की दूरी 10 कि०मी० कम हो जाएगी ;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खण्ड (1) में वर्णित सड़क का अधिग्रहण कर चौड़ीकरण करने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नही, तो क्यो ?

---

सड़क की मरम्मत

* 193. श्री दुलाल चन्द्र गोस्वामी––क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बलरामपुर विधान–सभा क्षेत्र स्थित प्रधान मंत्री सड़क योजना के तहत बजर गाँव के आदमपुर तक 16 कि०मी० एवं रघुनाथपुर–सुधानी सड़क 14 कि०मी० तीन वर्ष पूर्व निर्माण किया गया था, लेकिन संवेदक के द्वारा एक बार भी रख–रखाव हेतु कार्य नहीं किया गया, जिसके कारण उक्त दोनों सड़कों में अझरेल, कल्याण गाँव , तैलता, धापी, हरदार, चाँदनी चौक, उफरैल, किरौड़ा एवं खैमपुर, सिंधिया, रहमानपुर, कदमगाछी, मिठापुर, कनधेता इत्यादि गाँवों के नजदीक सड़क जर्जर अवस्था में है, जिससे आम जनता को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त दोनों सड़कों की मरम्मती कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नियुक्ति करना

* 194. श्री जय कुमार सिंह––क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि––

(1) क्या यह बात सही है कि नलकूप योजना को लागू करने की जिम्मेदारी विभाग की है, लेकिन कर्मियों के कमी से कामकाज पर असर पड़ रहा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि कनीय अभियंता के 67, सहायक अभियंता के 82, कार्यपालक अभियंता के 36, अधीक्षण अभियंता के 21 एवं मुख्य अभियंता के 60 प्रतिशत पद रिक्त हैं ;

(3) क्या यह बात सही है कि कृषि रोड मैप लागू होने पर नलकूप योजना में कार्य की वृद्धि हुई है ;

(4) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त रिक्त पदों पर नियुक्ति करना चाहती है, यदि हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

कार्य पूर्ण करना

*195. श्री रत्नेश सादा—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सहरसा जिला के नौहट्टा प्रखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत डरहार में वर्ष 2008–09 में योजना सं० 10/2008–09 के द्वारा मनरेगा योजना से एक स्पैन का आर०सी०सी० पुलिया का निर्माण कार्य 4, 80, 700 रु० की लागत से निर्माण किया गया जो अबतक अधूरा है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त योजना से 3, 37, 466 रुपया अभिकर्ता को अग्रिम दी गयी है तथा अधूरे किए गए कार्य भी प्राक्कलन के अनुरुप नहीं किए गए हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार खंड (1) में वर्णित पुलिया का निर्माण पूर्ण कराने एवं प्राक्कलन के अनुरुप कार्य कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

पदाधिकारियों पर कार्रवाई

*196. श्री संजय कुमार—क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि ग्रामीण विकास विभाग बिहार के पत्रांक 12832, दिनांक 6 नवम्बर, 2012 द्वारा राज्य के एक सौ चौदह प्रखंड विकास पदाधिकारियों को आरोपित स्वीकार किया गया है ;

(2) क्या यह बात सही है कि उपरोक्त एक सौ चौदह आरोपित प्रखंड विकास पदाधिकारी आज भी कार्यरत हैं ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार एक सौ चौदह आरोपित प्रखंड विकास पदाधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करना चाहती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का निर्माण

*197. श्री राम नरेश प्रसाद यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला के परिहार प्रखंड परिहार धामीटोल–धरहरवा होते कटैया तक 5 कि०मी० सड़क वर्ष 2011 के बाढ़ में पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि 2011 के बाढ़ में ही इसी में सहरगामा एवं कटैया में दो पुल पानी में बह गया जिसे मुख्य मंत्री सेतु योजना से निर्माण कराया जा रहा है ;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, हां, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

सड़क का पक्कीकरण

*198. डॉ० रामानंद यादव—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत सम्पतचक प्रखंड में तारणपुर कण्डाप पंचायत के ग्राम–जुगल टोला से चिपुरा पंचायत के खुशियाल चक के बीच कच्ची सड़क रहने के कारण वहाँ के निवासियों को आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और बरसात के दिनों में सड़क जलमग्न हो जाता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क का पक्कीकरण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पथ बनाना

*199. श्री पदम पराग राय वेणु—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिले के फारबिसगंज प्रखण्ड अंतर्गत अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक के आवास फारबिसगंज कोशी कॉलोनी से दक्षिण होते हुए 300 मीटर दक्षिण जाने पर सीधे रिफ्यूजी कॉलोनी होते हुए पूरब की ओर जो सड़क खबासपुर पथ में जाकर मिलती है, का पक्कीकरण कार्य अभीतक नहीं कराया गया है, यदि हां, तो क्या सरकार कबतक उक्त पथ का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

पथ का निर्माण

*200. श्री वैद्यनाथ सहनी—क्या मंत्री, ग्रामीण कार्य विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि समस्तीपुर जिलान्तर्गत पटोरी प्रखंड के बहादुरपुर पटोरी के त्रिमुहानी मोड से अनुमंडल कार्यालय जाने वाली एवं शाहपुर उण्डी पंचायत महादलित टोला तक पथ का निर्माण नहीं रहने के कारण बरसात के दिनों में आवागमन में काफी कठिनाइयों का सामना आम लोगों को करना पड़ता है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त पथ का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

दोषियों पर कार्रवाई

*201. डॉ० अरूण कुमार—दिनांक 11 जनवरी, 2013 के समाचार–पत्र में प्रकाशित शीर्षक " बिचौलिये उठा ले गए प्रथम किस्त की राशि" के आलोक में क्या मंत्री, ग्रामीण विकास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि—

(1) क्या यह बात सही है कि महिषी (सहरसा) प्रखंड के ग्राम पंचायत घोघेपुर में इंदिरा आवास के आठ लाभुकों का वित्तीय वर्ष 2010–2011 में इंदिरा आवास स्वीकृत कर तीस हजार रुपया प्रथम किस्त की राशि खाता सं० 31382, 31379, 31305, 21441, 31295, 31451, 31443 एवं 31442 में भेजा गया था ;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत के मुखिया एवं उनके भाई मो० सलाउद्दीन द्वारा ग्रामीण बैंक महिषी के प्रबंधक के मिलीभगत से पहचानकर्ता बनकर सभी राशि का निकासी कर लिया गया ;

(3) क्या यह बात सही है कि उक्त पंचायत के इंदिरा आवास के लाभुकों के नाम पर पूर्व में भी राशि गबन करने से संबंधित मामला महिषी थाना काण्ड सं० 136/11 के रूप में दर्ज है, जिसमें कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है ;

(4) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त पंचायत के मुखिया, बैंक प्रबंधक, तथा अन्य व्यक्तियों द्वारा इंदिरा आवास के लाभुकों की राशि गबन करने की जाँच निगरानी विभाग से कराकर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चेकडैम का निर्माण

*202. श्रीमती नीता चौधरी—क्या मंत्री, लघु जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिला के संग्रामपुर प्रखंड अंतर्गत सियारामपुर डांड के पास अभी तक चेकडैम का निर्माण नहीं हुआ है जिसके कारण सियाराम झिकुली, जमुआ, सुपौर, कुआगढ़ी इत्यादि 20 गाँव में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध नहीं हो पा रही है, यदि हां, तो क्या सरकार उक्त चेकडैम के निर्माण का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पुल बनाना

*203. श्री राम लषण राम "रमण"—क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत अंधराठाढ़ी प्रखंड में झंझारपुर पश्चिमी कोशी नहर प्रमंडल के अंतर्गत शाखा नहर वरैल से झंझारपुर जाने वाली में वसवा ग्राम से वरसाम जाने वाली सड़क में पुल नहीं रहने से आम लोगों को अवागमन में काफी कठिनाई होती है, यदि हां, तो सरकार कबतक, उक्त पुल का निर्माण कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

फूल झा,
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान–सभा ।

पटना :
दिनांक 20 फरवरी, 2013 (ई०) ।

बि०स०मु० (एल०ए०) 205– डी०टी०पी०– 450